<u>भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण</u>

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

रायपुर हवाई अड्डे ने ग्राहक संतुष्टि इंडेक्स सर्वे में पहला स्थान प्राप्त किया

नई दिल्ली 14 जुलाई, 2017 अपने हवाई अड्डों पर सेवाओं और यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के निरंतर प्रयासों ने भाविप्रा को दुनिया में सबसे अच्छे सेवा प्रदाताओं की श्रेणी में स्थान प्रदान किया है। नवीनतम उपलब्धि रायपुर का स्वामी विवेकानंद हवाई अड्डा है जिसे पुन: देश के 49 हवाई अड्डों के बीच ग्राहक संतुष्टि में पहला स्थान प्राप्त हुआ है । जनवरी - जून 2017 की अवधि के लिए एक स्वतंत्र एजेंसी द्वारा किए गए नवीनतम सीएसआई सर्वे में रायपुर हवाई अड्डे ने पांच अंकों के पैमाने पर 4.48 अंक प्राप्त किए, जबकि उदयपुर, अमृतसर और देहरादून हवाई अड्डों ने क्रमश: 4.75, 4.74 और 4.73 अंक हासिल किए।
ग्राहक संतुष्टि भाविप्रा के प्रमुख निष्पादन लक्ष्यों में से एक है, जिसे भाविप्रा द्वारा नियुक्त एक स्वतंत्र एजेंसी द्वारा किए जाने वाले ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण के माध्यम से मूल्यांकित किया जाता है। इस सर्वेक्षण में परिवहन, पार्किंग, यात्री सुविधा और स्वच्छता इत्यादि जैसे विस्तृत मानकों को शामिल किया जाता है। रायपुर के एकीकृत टर्मिनल भवन का उदघाटन 2012 में किया गया था। अवसंरचना और यात्री सुविधाओं के उच्च स्तरीय रख रखाव, हरे-भरे माहौल, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और विनम्र कर्मचारियों द्वारा यात्रियों की संतुष्टि को सुनिश्चित किये जाने के कारण ही पिछले दो वर्षों से लगातार तीसरी बार रायपुर को यह सम्मान प्राप्त हुआ है।

जनसंपर्क निदेशालय द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें।
म.प्र. जसं 9811521881,011-24622787
प्रैस विज्ञप्ति सं. 17/2017- 18

चित्र: स्वामी विवेकानंद हवाई अड्डा, रायपुर